नईदुनिया

इंदौर, रविवार 22 सितंबर 2019

कलाकृति-2019 में विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मकता

इंदौर। श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय, श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स द्वारा एनुअल आर्ट फेस्ट 'कलाकृति 2019' आयोजित किया गया। समन्वयक अनुजा त्रिपाठी ने बताया कि कलाकृति एक वार्षिक कार्यक्रम है। इसे हर साल अतिरिक्त ऊर्जा, उत्साह और रचनात्मकता के साथ किया जाता है। प्रतियोगिता में उज्जैन, देवास, धार और इंदौर के 29 स्कूलों और कॉलेजों से 193 पंजीकृति प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता को चार आयु समूहों में वर्गीकृत किया गया था जिसमें 9 से 11, 12 से 15, 16 से 17 और 18 से 22 वर्ष के प्रतिभागी शामिल हुए। निर्णाय सीमा सिंह और प्रतिभा सिंह थी। स्वागत भाषण में विवि के डीन एफडीएसआर डॉ. संतोष धर न फाइन आर्ट्स के महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जेराज दासानी थे।